आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

<u>मतदान</u>

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में हुए उपचुनाव के मतों की गणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गइ है। मतगणना 13 जुलाई को सुबह 8 बजे से आरंभ होगी और मतगणना पूरी होने के तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है और इनकी सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है।

<u>जिला परिषद</u>

लाहौल स्पीति जिला परिषद अध्यक्ष पद के लिए आज हुए चुनाव में बीना देवी को अध्यक्ष चुना गया। बीना देवी के पक्ष में कुल पांच वोट पड़े जबकि लाहौल स्पीति विकास मंच समर्थित सदस्यों ने इस चुनाव का बहिष्कार किया। ये पद अनुराधा राणा के विधायक बन जाने के कारण खाली हुआ था। बीना देवी ने कहा कि वह पूरी पारदर्शिता व निष्पक्ष होकर जिला परिषद अध्यक्ष की जिम्मेवारी निभाएंगी।

<u>विवरणियों</u>

हिमाचल प्रदेश प्रधान महालेखाकार कार्यालय में प्रदेश सरकार के सामान्य भविष्य निधि अभिदाताओं की वर्ष 2023–24 की वार्षिक विवरणियां व्यक्तिगत तौर पर अभिदाताओं को सौंपने के बजाए प्रदेश सरकार की वैबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट हिमकोष डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध करवा दी हैं। उपमहालेखाकार फंडस ने सभी अहरण एवं संवितरण अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे उनके कार्यालय में कार्यरत्त कर्मचारियों की वार्षिक जीपीएफ विवरणियों को उक्त वैबसाइट से डाउनलोड करें। उन्होंने सभी अहरण व संवितरण अधिकारियों से ये भी आग्रह किया है कि वे अपने कार्य क्षेत्र में आने वाले सभी कर्मचारियों की वर्ष 2023–24 की जीपीएफ स्टेटमैंट के बैलेंस को अपने वेतन बिल रजिस्टर में आवश्यक एंट्री करने के बाद सभी कर्मचारियों को यथाशीघ्र प्रदान करना सुनिश्चित करें और इसकी अनुपालना महालेखाकार कार्यालय को दें।

<u>क्यूआरटी</u>

शिमला ज़िला प्रशासन ने मॉनसून की दौरान आपदा की स्थिति में राहत कार्यों के लिए गृहरक्षकों का त्वरित प्रतिक्रिया दल गठित किया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आज इस दल के साथ आयोजित एक बैठक में कहा कि इस दल को पूरा प्रशिक्षण दिया गया है और आपदा के समय ये दल लाइफलाइन का काम करेगा। उपायुक्त ने कहा कि ये दल कम से कम समय में आपदा स्थल पर पहुंचेगा ताकि राहत कार्यों को तीव्र गति से पूरा किया जा सके। उपायुक्त ने दल को निर्देश दिए कि उसका हर सदस्य स्वयं सतर्क रहे और आपस में बेहतर संवाद स्थापित करते हुए आपदा में राहत कार्यों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि दल के पास अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध होंगे जो राहत कार्यों को पूर्ण करने में मददगार साबित होंगे। उपायुक्त ने ये भी कहा कि जिला प्रशासन किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

आश्वासन

राज्य पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक रोहन ठाकुर ने हिमाचल परिवहन कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति की मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। रोहन ठाकुर ने आज समिति के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि समिति के साथ 25 जुलाई से पहले औपचारिक बैठक की जाएगी और कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि निगम में 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके कर्मचारियों को शीघ्र नियमित किया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि जो कर्मचारी वर्ष 2006 से पहले निगम में लगे हैं उन्हें अदालत के आदेशानुसार नियमित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी न्यायालय नहीं गए थे उन्हें भी शीघ्र नियमित कर दिया जाएगा।

पेयजल संकट

सोलन शहर के लोगों को बरसात के बाद पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। शहर में पिछले कुछ दिनों से चल रहे पेयजल संकट ने आज उस समय विकराल रूप धारण कर लिया जब क्षेत्रीय अस्पताल में पानी पूरी तरह से खत्म हो गया और मरीजों को पीने तक का पानी उपलब्ध नहीं हो पाया। अस्पताल में पानी खत्म हो जाने के कारण मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजन उप्पल ने कहा कि मामला उनके ध्यान में है और नगर निगम इस समस्या के समाधान में लगा है।

मौसम

प्रदेश में मॉनसून पिछले कुछ दिनों से कमजोर बना हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में कुछ स्थानों पर मॉनसून की वर्षा हुई। इस दौरान कसौली में 38, पावंटा में 22, नाहन में 13, धर्मशाला में 10 और सराहन में 6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मॉनसून की वर्षा में कमी के चलते प्रदेश में इन दिनों अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि आज से प्रदेश में मानसून फिर से सक्रिय होगा। मौसम विभाग ने 13 जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। अलर्ट के मद्देनजर विभाग ने लोगों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों व नदी–नालों के समीप न जाने की हिदायत दी है। 16 जुलाई तक प्रदेश में मौसम के खराब रहने का अनुमान है। राजधानी शिमला में आज दोपहर बाद कुछ देर के लिए जोरदार वर्षा हुई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से हल्की राहत मिली है।